Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 07-12-2005
Participants : Thummar Shri Virjibhai

>

Title : Need to introduce a direct train connecting Mahua, Dhola and Ahmedabad in Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के महुआ एवं धोला के बीच ब्राड गेज लाइन शुरू हुयी है, परन्तु महुआ एवं धोला से अहमदाबाद तक रेल सेवा शुरू की जाये, क्योंकि इस क्षेत्र से अहमदाबाद तक के लिए कोई सीधी रेल सेवा नहीं है। साथ ही साथ महुआ एवं धोला के बीच जो रेलवे स्टेशन जैसे साबरकुला, राजूला, दामनगर, लीलिया पर मीटर गेज वाले प्लेटफार्म हैं, जिन्हें ब्राड गेज वाले प्लेटफार्म बनाया जाना अति आवश्यक है। महुआ या धोला से एक ए0सी0 कोच, एक स्लीपर कोच एवं एक जनरल कोच लगाया जाये, जो भावनगर से बांद्रा ए वं मुम्बई जाने वाली रेल सेवा से जोड़ा जाये। आजादी के 58 साल के बाद सौराट्र का अति महत्वपूर्ण शहर जेतलसर एवं ढासा में अभी तक मीटर गेज लाइन है, इसको भी ब्राड गेज लाइन शुरू किया जाये। साथ ही इसमें पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों का उन्नयन किया जाये, जो आज जर्जर हालत में हे।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि महुआ से धोला के बीच परिवर्तित ब्राड गेज लाइन का पूरा उपयोग करने के लिए महुआ-धोला-अहमदाबाद सीधी रेल सेवा चलायी जाये एवं महुआ या धोला से एक ए0सी कोच, एक जनरल कोच एवं एक स्लीपर कोच शुरू करके उसे भावनगर से मुम्बइ या बांद्रा चलने वाली सेवा में जोड़ा जाये एवं जेतलसर से ढासा के बीच मीटर गेज लाइन को ब्राड गेज में बदला जाये।